हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 16 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

4



## खबर संक्षेप

### वित्तीय अनियमितता बरतने पर रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**जांजगीर-चांपा।** वित्तीय अनियमितता बरतने पर रोजगार सहायक के सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई है। जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक उत्तरा गोंड़, ग्राम पंचायत कोसमंदा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास में वित्तीय अनियमितता एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत सौंपे गये कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलौदा द्वारा आदेश जारी कर संविदा सेवा भर्ती अधिनियम एवं नियुक्ति आदेश की कंडिका के शर्तानुसार एक माह का वेतन देकर संविदा सेवा समाप्त की गई है।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल बुधवार को प्रातः 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है।
जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक वेदांता स्कील स्कूल बालको कोरबा द्वारा सेविंग मशीन आपरेटर 60 पद, इलेक्ट्रीशियन 60 पद, फीटर 60 पद, वेल्डर 30, पद, होटल मैनेजमेंट 60, पद सोलर टेक्नीशियन 60 पद, एवं मोबाईल रिपेयरिंग एण्ड हार्डवेयर के 60 पद, सिलाई मशीन आपरेटर के 60 पदों पर भती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 8वी 10वी 12वी, सोलर टेक्नीशियन व मोबाईल रिपेयरिंग एण्ड हार्डवेयर हेतु 12वी$आई.टी.आई. रखा गया है। एवं कंपनी द्वारा वेतनमान 13 हजार से 15 हजार निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ व अन्य राज्य रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकेगा। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से भी संपर्क कर सकते है।

### आवास प्लस में नाम जोड़ने विशेष पखवाड़ा 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 15 से 30 अप्रैल तक मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया गया है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने संबंधित अधिकारियों को जिले में स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

# ले देकर बढ़ी हसदेव बांगो नहर की धार, मुरझाती फसलों को संजीवनी मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा जिले को कृषि प्रधान जिला के रुप में पहचान दिलाने वाले माटी पुत्र किसानों के तकरीबन तीन महीने की खून पसीने की कमाई दाव पर लगी हुई है। दरअसल अंतिम सिंचाई के लिए पानी की किल्लत होने से फसल मुरझाने लगी थी। कई जगहों पर हरे भरे खेत सूखने भी लगे है। ऐसे में तकरीबन सप्ताहभर से अधिक समय के बाद हसदेव बांगो नहर की धार ले दे करके बढ़ाई गई है। उम्मीद है कि नहर की धार बढ़ने से मुरझाते व सूखते फसलों को जीवनदान मिल जाए।

गौरतलब है कि जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार किसानों को गर्मी में फसल लगाने के लिए जनवरी से 30 अप्रैल तक पर्याप्त पानी देना था। इसी आस में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिले के बलौदा, अकलतरा, पामगढ़ और नवागढ़ ब्लॉक के किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल लगाई। तपती दोपहरी में खून पसीने की मेहनत करके किसानों न केवल जुताई और बुआई की, बल्कि कीटनाशक दवाओं और उर्वरक छिड़काव में भी हजारों रुपए खर्च कर डाले। इधर उनकी मेहनत रंग लाने लगी थी।

## अंतिम सिंचाई के लिए अभी भी नहीं पहुंच रहा पर्याप्त पानी



### और किए हैं डिमांड

नहर की धार बढ़ाई गई है। अभी 12 सौ क्यूसेक पानी आ रहा है। फिर भी अंतिम सिंचाई के लिए पानी की और आवश्यकता है। एक बार पूरे फ्लो में नहर में पानी देने कहा गया है। धुरकोट डिवाइडर से नवागढ़ तरफ 7 सौ क्यूसेक पानी की आवश्यकता होती है। अभी इसमें 5 सौ मिल रहा है। पानी बढ़ाने की मांग किए है।

**-संजीव सुखदेव,** एसडीओ जल संसाधन नवागढ़ बिर्रा

फसलों में बालियां आने लगी थी। इस दौरान नहर की धार कम हो गई। खास करके हसदेव बांगो बांयी तट शाखा में जहां 14 सौ क्यूसेक पानी की आवश्यकता होती है, वहां मुश्किल से 6 सौ क्यूसेक पानी मिल रहा था। ऐसी स्थिति में टेल एरिया की फसलें मुरझाने लगी। मुख्य शाखा नहर की धार कम होने से माइनर में पानी जाना बंद हो गया और खेतों में दरारें पड़ने लगी।

जिले के नवागढ़ ब्लॉक के तुलसी, मिसदा, गंगाजल, खपराडीह, उदयभांठा, खैरताल, किरीत, बरगांव, पीपरा सहित दर्जनों गांवों में लगी हजारों एकड़ की फसल चौपट होने के कगार पर पहुंच गई। इसी प्रकार पामगढ़, अकलतरा, बलौदा ब्लॉक के टेल एरिया में भी पानी की किल्लत हो रही थी। किसानों के लगातार मांग करने के बाद जिम्मेदार जल संसाधन विभाग के साथ प्रशासन की नींद खुली। अफसरों ने उच्चाधिकारियों से संपर्क किया और कम की गई नहर की धार को थोड़ा बढ़ाया गया। मंगलवार 15 अप्रैल से नहर की धार में जो बढ़ोतरी हुई है उसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि अब अंतिम सिंचाई के लिए अंतिम छोर तक पानी पहुंच जाए और शायद मुरझाती फसलों को जीवन दान मिल सके।

### शादी सीजन में ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ा खतरा

# हादसों के बाद भी जान हथेली में रख कर मालवाहकों में कर रहे सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर - चाम्पा। शादी के सीजन में मालवाहकों में सवारी ढोए जा रहे हैं। इससे सवारियों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।वाहन मालिक अपने फायदे के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। इधर जिम्मेदार परिवहन विभाग को इससे कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा है।

इन दिनों शादी सीजन में मालवाहक वाहनों के मालिकों की लापरवाही चरम पर है। अपने थोड़े से फायदे के लिए वाहन मालिको द्वारा लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है। ट्रैक्टर, पिकअप और 407 जैसे मालवाहकों में लगातार सवारी ढोए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही जिला मुख्यालय जांजगीर से हर दिन ऐसे मालवाहक बाराती लेकर गुजर रहे हैं। जिम्मेदार विभाग द्वारा इस दिशा में कार्रवाई नहीं करने से वाहन मालिकों के हौसले बुलंद हैं। शादी के सीजन में सवारी वाहनों की कमी हो जाती है, इसके अलावा सवारी वाहन जीप, कार और बस की अपेक्षा मालवाहक वाहन सस्ते पड़ते हैं। जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा मालवाहक की बुकिंग कराई जाती है। मालवाहक वाहन में सवारियों के जान का खतरा बना रहता है, लेकिन ऐसे वाहनों के मालिक अपने आर्थिक लाभ के चलते इसकी बिल्कुल परवाह नहीं कर रहे। मालवाहक की सवारी जान का जोखिम बन गई है। सक्ति जिले के ग्राम रेड़ा से कोरबा जिले के ग्राम खरहरी जा रही पिकअप वाहन रविवार 12 अप्रैल को मुकुंदपुर के पास नहर में गिर गई। वाहन में दो दर्जन ग्रामीण सवार थे। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। इस तरह के कई हादसे पहले भी सामने आ चुके हैं। इसके बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। अब शादी सीजन में इस तरह के हादसों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में इस तरह के मालवाहकों पर करवाई करना जरूरी हो गया है। हालांकि ट्रेफिक पुलिस ने जांजगीर में कुछ कार्रवाई की है, लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारी इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।



कार्रवाई करती यातायात पुलिस।

## मालवाहक की सवारी न करने पुलिस कर रही जागरूक

हसौद। मालवाहक में सवारी नहीं करने पुलिस ग्रामीणों को जागरूक कर रही है। थाना हसौद अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनी में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का उद्देश्य रहा। इस मौके पर थाना प्रभारी अनवर अली ने स्पष्ट रूप से कहा कि मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसा करना दुर्घटनाओं को न्यौता देना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिसे गंभीरता से लेते हुए अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा आदि दस्तावेज अद्यतन रखने, नशे में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से बचने और मालवाहन में लोगों को न ढोने की सख्त हिदायत दी गई। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।की। इस मौके पर सरपंच नेतराम मधुकर, उप सरपंच युवराज कुमार साहू, पूर्व सरपंच हुलास साहू, पंचगण, वाहन मालिक, चालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।





पुलिस की गिरफ्त में आरोपी दंपती।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी आरोपी दंपती चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाला दम्पत्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी दम्पत्ति ने अलग अलग लोगों से 25 लाख की ठगी की थी। शिवरीनारायण पुलिस ने फरार दम्पत्ति को बिलासपुर से पकड़ा है।

■ अलग-अलग लोगों से की थी 25 लाख की धोखाधड़ी

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर नगर निगम में अलग अलग पद में नौकरी लगाने का झांसा देकर विजय आशिकर और उसकी पत्नी रंजना आशिकार ने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया। नौकरी की उम्मीद ने बेरोजगारों ने उनको पैसा दिया। मुडपार निवासी अच्छे कुमार आशिकर समेत अन्य लोगो से 25 लाख 25 हजार रुपए की ठगी दम्पत्ति ने की। इस पैसे को विजय आशिकर के द्वारा अपने एवं अपनी पत्नी के बैंक खाता में लिया गया। पैसा लेने के बाद फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया गया। मामले की रिपोर्ट पर शिवरीनारायण पुलिस ने 4 जनवरी को धारा 420,467,468, 201,34 कायम कर विवेचना में लिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दम्पत्ति फरार हो गया था।शिवरीनारायण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुड़पार निवासी 34 वर्षीय विजय आशिकर और उसकी पत्नी रंजना को बिलासपुर से पकड़ा। घटना के संबंध में पूछताछ करने आरोपी दम्पत्ति ने ठगी के रकम को खाने पीने व घर बनवाने के खर्च करना बताया। आरोपी के द्वारा अपने लैपटॉप से फर्जी नियुक्ति प्रमाण तैयार कर दिया था एवं ई मेल से के माध्यम से भी भेजा था। आरोपियों से लैपटॉप एवं मोबाइल को बरामद किया गया है। आरोपी दम्पत्ति को 15 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवरीनारायण भास्कर शर्मा समेत स्टाफ का योगदान रहा।

# शाम के बाद बदले मौसम के मिजाज ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भीषण गर्मी से इन दिनों लोग हलाकान है। बैसाख में पड़ रही गर्मी के कारण लोग पसीने से तर बतर हो रहे है। ऐसे में मंगलवार की शाम बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। जिले के कुछ हिस्सों में शाम के बाद हल्की बारिश हुई। तापमान का पारा दिन ब दिन चढ़ता जा रहा है। गर्मी अब अपने शबाब पर है। सुबह होते ही सूरज की किरणें चुभने लगी है। दोपहर में गर्म हवाएं चलने के कारण लोग व्याकुल हो रहे है। कूलर और एसी के बिना एक पल भी रहना मुश्किल हो रहा है। दिन में जहां सूरज की तपन हलाकान कर रही है वहीं रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को भी मौसम का मिजाज दोपहर तक काफी गर्म रहा, लेकिन शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। जिले के कई जगहों पर हल्की बारिश हुई और गर्मी से लोगों को राहत मिली।

# लूट गिरोह का मुख्य आरोपी देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

फगुरम चौकी अंतर्गत ग्राम भांटा में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त देसी कट्टा बरामद किया गया है।

■ फगुरम चौकी के ग्राम भांटा में वारदात कर हो गया था फरार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी फगुरम थाना डभरा के ग्राम भांटा में 27 फरवरी की रात लूट की वारदात हुई थी।कुछ नकाबपोश सफेद रंग के ईनोवा गाड़ी मे रोशनी बाई जायसवाल के घर घुस कर कट्टा और चाकु दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर घर के आलमारी रखे सोने चांदी के जेवर और मोबाइल लैपटाप रूपये पैसे लुट कर फरार हो गये थे। चौकी फगुरम थाना डभरा मे अपराध धारा 309(4), 331 (6), 351 (3) बी.एन.एस. के तहत अपराध कायम किया गया। घटना के संबंध में विभिन्न तकनीकी सहायता से पतासाजी की जा रही थी दौरान विभिन्न साधनो से जानकारी मिली कि घटना स्थानीय एवं राज्य से बाहर व्यक्तियो द्वारा की गई है तत्काल अलग-अलग टीम को गुजरात राज्य, बिहार राज्य, रायपुर, रायगढ रवाना कर पतासाजी की गई। कुछ दिन पहले आरोपी दीपेश उर्फ रोहित महतो निवासी गोवार धर्मपुर थाना बाड़ जिला पटना बिहार, विक्रम उर्फ कट्टा दिवाकर निवासी चकसमिया थाना सम्यकगढ जिला पटना बिहार, रंजन कुमार साव निवासी सैदपुर थाना बाड़ जिला पटना बिहार, रेवती कुमार चौहान निवासी ग्राम कुकरीचोली जिला रायगढ, ईश्वर प्रसाद डनसेना पिता स्व. बाबुलाल डनसेना उम्र 27 वर्ष,लोकेश कुमार झरिया पिता उत्तरा कुमार उम्र 29 वर्ष बरभांवना थाना छाल जिला रायगढ, राजेश कुमार सोनवानी निवासी ग्राम बरगढ कर्रानारा थाना खरसिंया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर लिया था। बारीकी से पुछताछ करने पर आरोपियों द्वारा 8 लोगों द्वारा लुट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। प्रकरण में धारा 127 (2), 111 (2) (ख), 110 (2) बी.एन.एस. जोड़ी गई। घटना का मुख्य आरोपी रामतोष उर्फ राम सिदार पिता रतिराम सिदार उम्र 24 वर्ष साकिन ग्राम पनझर थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ फरार था।आरोपी रामतोष उर्फ राम सिदार को 14 अप्रैल को विधीवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों का अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी

# सचिवों की हड़ताल से कामकाज ठप, जरूरी काम के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय करण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालिन आंदोलन जारी है। उनके हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड़ गया है। वही पीएम आवास सर्वे का कार्य भी हडताल के चलते शुरू नही हो सका है। ऐसे में ग्रामीणों को पीएम आवास सर्वे मे नाम जुडवाने के लिए मशक्कत करनी पड रही है।

जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर कुल 336 ग्राम पंचायते है। वही 400 सौ से अधिक गांव भी आते है।इन दिनो ग्राम पंचायतो में पदस्थ पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है, जिसके चलते ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड गया है। ऊपर से केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओ में से एक पीएम आवास योजना के तहत ग्रामिण क्षेत्रो में सर्वे करके ऐसे पात्र ब्यक्ति जिन्हे आवास का लाभ नही मिल पाया है। उन्हें पात्रता के अनुसार सर्वे करके लाभ भी दिया जाना है। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। पंचायत सचिव मंगलवार 18 मार्च से अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। उनका आंदोलन मंगलवार 15 अप्रैल को भी जारी रहा। पंचायत सचिवों ने 15 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल शुरु कर दिया है जो 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर जारी रहेगा। आगे 20 अप्रैल को प्रदेश के सभी सचिव जंतर-मंतर कूच करेंगे। वहीं 21 अप्रैल से दिल्ली में अनिश्चितकालीविन हड़ताल पर बैठ जाएंगे। वही पंचायत सचिवो के हडताल पर चले जाने के कारण आवास सर्वे कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। राज्य शासन के पंचायत विभाग से जो आदेश जारी किया गया है। उसके अनुसार पीएम आवास सर्वे कार्य की आईडी पंचायत सचिवो के पास है। वही पंचायतो के सभी प्रमुख दस्तावेज पंचायत सचिव अपने पास ही रखते है, जिसके चलते पीएम आवास सर्वे कार्य ग्राम पंचायतो में शुरू नही हो पा रहा है। पंचायत सचिवों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।




अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।



# एनीकट में मिली युवक की लाश

**चांपा।** एनीकट में एक युवक की लाश तैरती हुई मिली। एनीकट में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नगर के ही युवक के रूप में हुई।

चांपा एनीकट में मंगलवार 15 अप्रैल की दोपहर एक युवक की तैरती हुई लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने जब पानी में शव को तैरते देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पानी से बाहर निकालकर पंचनामा कार्यवाही शुरू की। मृत युवक की पहचान चांपा के कंवर पारा निवासी 45 वर्षीय झंगलु केवट के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक बीती रात घर नहीं पहुंचा था। घरवालों ने रात में उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। मंगलवार को एनीकट में उसकी लाश मिली। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### ढेलवाडीह में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**ढेलवाडीह।** श्री बाल हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सर्व सनातन समाज ढेलवाडीह के तत्वाधान में बीकन खेल मैदान में सामूहिक चालीसा पाठ व महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें एस.ई.सी.एल के उपक्षेत्रीय प्रबंधक डी.एस.बी एन.के राय व सिंघाली खान प्रबंधक खूंटे ने भी शिरकत की, और अपने नैतिक व धार्मिक जीवन के विचार प्रेरणा से जनों को अवगत कराया व शुभकामनाएं दीं ।जन्मोत्सव के सह कार्यक्रम में प्रतिभाओं के सम्मान हेतु अतिथि कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, कटघोरा न.पा अध्यक्ष राज जयसवाल, कटघोरा ब्लॉक अध्यक्ष गोरे लाल व न.पा बांकी मोंगरा के नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास ने श्रेष्ठ सुसज्जित भारत का प्रशस्ति चिन्ह भेंट किया, जिसमें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को, कीर्तन मंडली की माताओं को, जीव संरक्षण संकल्पित गौसेवकों को, धर्म संचार हेतु अग्रसर मानस अमृत मंडली, नैतिक शिक्षण दल, प्रभुजन सेवकों को व निस्वार्थ भगवन सेवकों को मंच पर सम्मानित किया । उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से कटघोरा भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, मंडल महामंत्री ईश्वर यादव, श्याम सिंह, निखिल उसरवर्षा, मेघेश चंद्रा, सुयश सिंह, कुमार साहू, विकास बर्मन, अंकित चौहता, निखिलेश्वर साहू, रामगोपाल कंवर, लोकेश चंद्रा, नंद किशोर पंडित, पीयूष राणा, दीपक वर्मा व ग्राम व कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों को शारीरिक कार्यक्रम इसलिए सिखाया जाता हैं ताकि उसमे से संगठन के गुणों की वृद्धि हो। हिंदू समाज में जहां अपने लोगों से ठीक व्यवहार होता है वहाँ पूर्ण अहिंसा का पालन भी करना चाहिए। शाखाओं में होने वाले विभिन्न शारीरिक विषयों का प्रदर्शन एमपी नगर दशहरा मैदान परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान नियुद्ध, यष्टी, दंडयुद्ध, योगासन, पदविन्यास, सामूहिक समता, घोष आदि विषयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। जिसमें 150 स्वयंसेवकों की सहभागिता पूर्ण गणवेश में रही। जिले में दूसरी बार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राम नरेश दुबे, वक्ता नारायण नामदेव, सह प्रांत प्रचारक छत्तीसगढ़ प्रांत रहे। मंच पर विभाग संघ चालक सत्येंद्रनाथ दुबे एवं नगर संघचालक अशोक तिवारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पार्षद हितानंद अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष योगेश जैन सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हर साल गर्मी के सीजन में इस तरह के होते हैं हादसे

# आखिर कैसे रुके हादसे, ग्रामीण क्षेत्रों में पिकअप वाहनों में ही ठूंस-ठूंस कर ढोई जाती हैं सवारी



फाइल फोटो

**केस 1** मई 2024 को चौथिया जाने के दौरान लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरेंगा के समीप एक पिकअप वाहन पलट गई थी। जिसमें 70 वर्षीय कोदोराम की घटनास्थल पर मौत हो गई थी जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे। बताया जाता है कि पिकअप वाहन में लगभग 30 लोग सवार थे।

**केस 2** दिसंबर 2024 को एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत घुमानीडांड हरनमोड़ के पास पलट गई थी। जहां इस हादसे में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई थी जबकि 25 लोग घायल हुए थे। ग्राम बनखेता के कासामार के रहने वाले लोग पिकनिक मनाकर वापस लौट रहे थे इस दौरान यह हादसा हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में सवारी वाहन के रूप में लोग अक्सर पिकअप, ट्रैक्टर जैसे वाहनों

**खास बात**

- बारात चौथिया सहित अन्य कार्यक्रमों में जमकर किया जाता है उपयोग

का इस्तेमाल करते हैं और उसमें बड़े पैमाने पर लोगों को बिठाते हैं और अक्सर हादसे के शिकार हो जाते हैं। आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में शादी का सीजन शुरू होने वाला है और ऐसे में ज्यादातर लोग शादी समारोह या फिर अन्य जगह आने-जाने के लिए पिकअप वाहन का ही इस्तेमाल करते हैं और हर साल पिकअप वाहन में आने जाने के दौरान पिकअप पलटने या फिर दुर्घटना के दौरान कई लोगों की मौत हो जाती है। एक दिन पहले ही पिकअप वाहन में इसी तरह का हादसा सामने आया है जो सीधे नहर में गिर गया था और जिसमें से 4 लोगों का शव बरामद कर लिया गया है और अब तक एक लापता है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है और अप्रैल के महीने से ही ग्रामीण क्षेत्रों में शादी का सीजन शुरू होता है। खासतौर पर मई और जून के महीने में सबसे ज्यादा शादियां ग्रामीण क्षेत्रों में होती है और संसाधन की कमी के कारण लोग ग्रामीण क्षेत्र में बारात आने जाने या चौथिया के दौरान आने-जाने के लिए लोग ग्रामीण क्षेत्रों में पिकअप वाहन का इस्तेमाल करते हैं और नौसीखिया चालक वाहन को चलाते हैं और खास बात यह होती है कि पिकअन वाहन में 5-7 लोग नहीं बल्कि ठूस ठूस कर दो दर्जन से अधिक लोगों को भर दिया जाता है और अक्सर हादसे के शिकार हो जाते हैं। रविवार को जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में इसी तरह की घटना सामने आयी है। जिसमें एक पिकअप वाहन में 25 लोग सवार थे जिसमें से कुल पांच लोग लापता थे। घटना की शाम एक का शव बरामद हुआ था तो दूसरे दिन सोमवार को 3 और लापता लोगों का शव बरामद कर लिया गया है लेकिन अब तक एक अब भी लापता है। अब फिर से दोबारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए आने वाले दिनों में पुलिस, जिला परिवहन विभाग सहित संस्थाओं को इस तरह की सवारी करने वाले वाहन चालक को सबक सिखाना चाहिए और ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चला कर ऐसे पिकअप वाहनों का बारात या फिर चौथिया में इस्तेमाल ना हो इस दिशा पर प्रयास करना चाहिए ताकि इस तरह के हादसों पर विराम लगाया जा सके।

# एसपी ने की सिविल लाइन थाने की लंबित शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा सिविल लाइन थाने की लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रकरणों में अनावश्यक विलंब एवं कार्य में लापरवाही बरती गई है। मामलो में कार्रवाई में कोताही पाए जाने पर सहायक उपनिरीक्षक विमलेश भगत के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही संबंधित प्रकरणों में लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी से भी स्पष्टीकरण लिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा एएसआई विमलेश भगत द्वारा लंबित रखी गई शिकायतों पर कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए, जिसके अनुपालन में थाना सिविल लाइन में तीन मामलों में एफआईआर दर्ज की गई।

### कुसमुण्डा थाना का भी किया निरीक्षण



इसी तरह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सोमवार को कुसमुंडा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस प्रणाली सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार बिंदुओं पर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित शिकायतों के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण हेतु निर्देश दिए तथा थाना प्रभारी को नियमित रूप से ग्राम भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित करने के निर्देश भी प्रदान किए।

# पुलिस की चौपाल में ग्रामीणों ने लगाई फरियाद तस्कर को पकड़कर अवैध धंधे को कराया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश भर में राज्य सरकार द्वारा आम जनता के लिए सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आम जनता के लिए

**खास बात**

- जिला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाई मुहिम, 9 आरोपियों से 101 लीटर महुआ शराब जब्त



फरियादियों को थाना चौकी तक न आना पड़े इसके लिए पुलिस भी गांव में चौपाल लगाकर जनता की फरियाद सुन रही है। इसी कड़ी में दीपका पुलिस ने दो दिनों पहले गांव में चौपाल लगाया था जहां थानेदार को ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि कुछ ग्रामीण गांव में शराब की तस्करी कर शराब का अवैध धंधा कर रहे हैं फिर क्या था थानेदार ने तत्काल एक्शन लेते हुए गांव में इस अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले ग्रामीण को धरदबोचा था तो वहीं दूसरे गांव से सप्लाई करने वाले दो ग्रामीणों को शिविर के दूसरे दिन ही धरदबोचा है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के कब्जे से पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब जप्त करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं थाने पहुंचकर थाने के पेंडेंसी मामलों को निपटा रहे हैं तो वहीं पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर थानेदार चौपाल भी लगा रहे हैं। बताया जाता है कि दो दिन पहले ही दीपका थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहू द्वारा ग्राम नोनबिर्रा में चौपाल लगाया गया था। जहां ग्रामीणों ने थानेदार श्री साहू को सूचना दी कि गांव में रहने वाले अश्वनी कुमार कंवर द्वारा ग्राम उड़ता से अवैध शराब लाकर गांव में शराब बेचने का गोरखधंधा किया जा रहा है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है यह सुनते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने तत्काल अश्वनी कुमार को धरदबोचा था और उसके कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जप्त किया था। इस बीच थानेदार श्री साहू को यह जानकारी मिली कि ग्राम उड़ता में रहने वाले कुछ ग्रामीणों द्वारा ग्राम नोनबिर्रा में शराब की सप्लाई की जाती है और उनके ही द्वारा गांव में इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता है फिर क्या था सोमवार को दीपका थाना प्रभारी श्री साहू ने तस्करी करने वाले दो तस्करों को धरदबोचा है। पकड़े गए तस्करों में ग्राम उड़ता निवासी बृहस्पति कंवर उम्र 30 वर्ष पिता सुशील कंवर और अजय कंवर उम्र 22 वर्ष पिता समार सिंह कंवर शामिल हैं जिनके कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। इसी तरह हरदीबाजार पुलिस द्वारा ग्राम बोईदा निवासी कुमारी बाई मरावी पति महेन्द्र मरावी के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है तो उरगा पुलिस द्वारा पहाड़गांव निवासी इतवारी सिंह धनवार उम्र 60 वर्ष पिता संतराम के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। कटघोरा पुलिस द्वारा ग्राम संत फलाहारी, छुरीकला निवासी देवांश उर्फ दिव्यांश देवांगन उर्फ करील, पिता अरुण कुमार से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं भैसामुड़ा निवासी ज्ञान सिंह बिजवाड़ पिता दुहन सिंह बिजवाड़ के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है।

दर्री पुलिस द्वारा फर्टिलाइज़र बस्ती निवासी अर्जुन निषाद उम्र 35 वर्ष पिता मनीराम निषाद के कब्जे से 15 पाव देशी मदिरा शराब जप्त किया गया है तो करतला पुलिस द्वारा बेलभाठा निवासी नागेश्वरी उरांव उम्र 35 वर्ष पति अजय उरांव के कब्जे से 4 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है।

### रविवार का साप्ताहिक बाजार अब लगेगा मेला मैदान में

**कटघोरा।** नगर नगर में प्रत्येक रविवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार अब गायत्री मन्दिर के साथ मुख्य मार्ग की बजाय मेला मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय नगर पालिका परिषद और नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल की संयुक्त बैठक में लिया गया है। इस फैसले का उद्देश्य शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात दबाव को कम करना और सड़क किनारे बेतरतीब सब्जी दुकानों से होने वाली अव्यवस्था को समाप्त करना है। पिछले कुछ समय से देखा जा रहा था कि गायत्री नादिर के साथ साथ मुख्य सड़क किनारे लगने वाले दुकानों के कारण वहां भारी भीड़ जमा हो रही थी, जिससे न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती थी। नगरवासियों की सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के मद्देनज़र नगर पालिका ने यह ठोस कदम उठाया है। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला मैदान में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। जहाँ व्यवस्थित रूप से दुकानों को लगाया जा सकेगा।

# डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को सेवा कार्यों के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सम्मान समारोह में उपस्थित लायंस क्लब के सदस्य।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सेवा कार्यों में आगे रही है। क्लब के द्वारा पूरे वर्ष भर सामाजिक व प्रशाशनिक सेवा के कार्य के लिए जबलपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्क्रेस में अनेक अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सत्र 2024-25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम जे एफ ला सुधीर जैन (जबलपुर) ने अपने सत्र की 8 वी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस आनंदम जबलपुर के होटल रॉयल ऑर्बिट में आयोजित किया गया जिसमें डिस्ट्रिक्ट के सभी 128 क्लब शामिल हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा सभी क्लबों में से जिन जिन क्लबों के द्वारा उत्कृष्ट सेवा के कार्य करते हुए किये गए कार्यों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग की गई उन सभी क्लबों को उनके द्वारा किये गए कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें मंच से मंचस्थ अतिथियों पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन जयप्रकाश अग्रवाल, निवृतमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला शैलेश अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला सुधीर जैन के द्वारा अवार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जिसमें लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को 3 स्टार माइक्रो चेयरपर्सन के लिए ला अजय धनोंदिया, 3 स्टार क्लब अध्यक्ष के लिए ला दीपक गर्ग, 3 स्टार क्लब क्लब के लिए लायन्स क्लब कटघोरा छुरी, हंगर रिलीफ, कम्बल वितरण, परमानेंट प्रोजेक्ट (डायलिसिस सेवा सेंटर,वाटर कूलर का संचालन, शव फ्रीजर) व बेनर प्रेजेंटेशन का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला सुधीर जैन ने कहा कि लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सभी सामाजिक सेवा कार्यों में आगे रही ही है। इसके साथ ही क्लब के द्वारा जिस प्रकार से छोटे जगह में रहते हुए भी बड़े बड़े परमानेंट प्रोजेक्ट में भी रुचि लेते हुए कार्य किये जा रहे है निश्चित ही सराहनीय है यही वजह हैं कि आज क्लब ने डिस्ट्रिक्ट के साथ ही पूरे मल्टीपल में भी अपना एक अलग स्थान बनाकर रखा हुआ है।

**आम सूचना**
**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा(छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मै मंगली बाई देवांगन उम्र 50 वर्ष पति सुदर्शन प्रसाद देवांगन जाति कोष्टा साकिन शुकुल पारा खरौद, तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ. ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ-
1. यह कि उपरोक्त पते पर निवासी हूँ। जो कि विवाह के पूर्व मंगली बाई देवांगन के नाम से जानी जाती थी विवाह के पश्चात मुझे नीनी बाई देवांगन के नाम से जानी जाती थी। 2. यह कि मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम मंगली बाई देवांगन अंकित हैं व आधार कार्ड, बैक पास बुक व गैस कार्ड में नीनी बाई देवांगन अंकित हो गया हैं। 3. यह कि मंगली बाई देवांगन व नीनी बाई देवांगन दोनों एक ही व्यक्ति हैं अलग अलग व्यक्ति नही है। 4. यह कि मेरी वास्तविक नाम मंगली बाई देवांगन हैं आज से सम्पूर्ण शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थाओं में मंगली बाई देवांगन से जानी व पहचानी जाऐं।

**शपथकर्ता**
**मंगली बाई देवांगन**

**सत्यापन**

मै मंगली बाई देवांगन यह सत्यापित करती हूँ कि शपथकर्ती की कंडिका 01 से 04 तक लिखी गई सभी बाते मेरे स्वतः की जानकारी में सही व सत्य हैं, आज दिनांक 15/04/2025 को शिवरीनारायण में पढ़ पढाकर अपनी हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**
**मंगली बाई देवांगन**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग)**
विवाह प्र.क्र. 94/ब-121/2024-2025
ग्राम-गिधौरी तहसील -सारागांव

आवेदक शिवा कुमार खूंटे उम्र 30 वर्ष पिता श्री ईतवारी खूंटे जाति सतनामी निवासी ग्राम स्कूल पारा गिधौरी तहसील सारागांवा थाना नगरदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका यल्का केन्वट उम्र 19 वर्ष पिता श्री धनाउ जाति केंवट निवासी ग्राम उमरेली तहसील बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.) बनाम छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम गिधौरी तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग. ) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवा कुमार खूंटे उम्र 30 वर्ष पिता श्री ईतवारी खूंटे जाति सतनामी निवासी ग्राम स्कूल पारा गिधौरी तहसील सारागांवा थाना नगरदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका यल्का केन्वट उम्र 19 वर्ष पिता श्री धनाउ जाति केंवट निवासी ग्राम उमरेली तहसील बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 30/4/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/3/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग)**

जांजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू
डॉ. योगेश साहू (P.T.)
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन
इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### भाजपा नगर मंडल ने संविधान प्रस्ताव का किया वाचन



**अकलतरा।** भारतीय संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान के द्वारा बाबा साहब के जीवन चरित्र का उल्लेख करते हुए बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय सरकार के द्वारा बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। पार्षद सुरेश मिरचन्य के द्वारा भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंद चौधरी के द्वारा बाबा साहब के द्वारा संविधान निर्माण में दिए गए योगदान का उल्लेख करते हुए बताया गया कि यह विश्व के सर्वोत्तम संविधानों में से एक है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के संयोजक गोवर्धन प्रसाद साहू, सहसंयोजक पार्षद पिंटू बरेठ, पुरुषोत्तम नामदेव, कमलेश वैष्णव, आशीष प्रसाद, नानक रोहरा, शिव गौधरिया ,संतन सिन्हा, ऋषभ तिवारी, लोकनारायण निर्मलकर, फगवा निर्मलकर, संतोष बरेठ,नयन भारती,शिव नायक एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता का उपस्थित थे।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, विभिन्न समाज प्रमुख को किया गया सम्मानित

# अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ दिलाने डॉ. अंबेडकर ने किया काम : जांगड़े




कार्यक्रम को संबोधित करती सांसद एवं मंचस्थ अन्य अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअली जुड़कर भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर संबोधित किया।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित और दीपप्रज्जवलित कर किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के अंतिम पायेदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ दिलाने की दिशा में लगातार काम किया है। सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि आज हम सभी भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती पर एक साथ उपस्थित होकर उन्हें याद कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी किया गया। भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सांसद, कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न समाज प्रमुखों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत एपीओ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुआर साय सरकार विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले सर्वेक्षण कार्य की जानकारी और योजना की पात्रता संबंधी जानकारी दी गई। जिला पंचायत एपीओ द्वारा 15 से 30 अप्रैल तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले मोर दुआर साय सरकार महाभियान की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई । साथ ही हर विकासखण्ड से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सीएससी-वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू (सहमति पत्र) की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। इस अवसर पर भूजल संरक्षण हेतु जानकारी दी गई व 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारम्भ की जानकारी भी दी गई।

## भाजपाइयों ने डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकाली रैली

**पामगढ़।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा रैली निकाल कर पामगढ़ के अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इसके साथ ही जयंती के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं द्वारा सभी लोगों को मिठाइयां बांटी गई एवं अंबेडकर जयंती की बधाई दी गई। रैली में 'बाबा साहेब अमर रहे' के नारे लगाए गए। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल,धनंजय सिंह ठाकुर, शरद चन्द शर्मा,,मानेश जांगड़े, रूपचंद साहू, खरौद नगर पंचायत



अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, मनोज घोष, तेरस राम यादव, मंजूलता टंडन, सत्येंद्र सिंह, सरयू प्रसाद पूरे, अमर टंडन, भीमबली नायक, मनोहर शास्त्री, बसंत कुमार साहू, रामकृष्ण सोनी, अश्विनी देवांगन, ओमप्रकाश राठौर, सुख सागर ओग्रे, लक्ष्मी कांत गौरहा, संजू कौशिक, गौरव तिवारी, जितेश कुर्रे एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।



### जयंती पर नवागढ़ में निकला जुलूस

**नवागढ़।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ में जूलूस निकाला गया। जूलूस में सभी वर्गों के महिला पुरुष शामिल होकर जूलूस को सफल बनाया। बस स्टैंड में जमकर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर पार्षद रवि कोसले, अजीत बंजारे, अतुल कोसले, देवेन्द्र बंजारे, मनीष खूंटे, राम खिलावन, राजकुमार, केशव कोसले एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## आम आदमी पार्टी ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को किया याद

**पामगढ़।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ चैतराम देव खटकर पूर्व प्रदेश सहसंयोजक के अगुवाई में उनके घर पर स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय पामगढ़ में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रीफल फोड़ कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात पैदल चलकर बस स्टैंड में स्थापित डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के भव्य मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावभीनी पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर



अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते आप पार्टी के पदाधिकारी।

अभिषेक मिश्रा प्रदेश संगठन मंत्री, श्रीमती मिथिलेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग, परमेश्वर प्रसाद सान्डे अध्यक्ष लोकसभा जांजगीर, राजेश पुरी गोस्वामी सचिव लोकसभा जांजगीर, डॉ हेमंत कश्यप जिलाध्यक्ष जांजगीर, विनय गुप्ता जिला सचिव जांजगीर, खगेश्वर श्रीवास, संतोष कुमार विश्वकर्मा, कृष्णा पटेल, अजय कश्यप, साहेब लाल यादव, डॉ कृष्णपाल देव खटकर, ललित बघेल,जवाहर जाहिरे,मेलूराम कश्यप एवं श्याम बाई धनुहार सहित पचासों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मदनलाल अग्रवाल दुकान में ब्रांडेड कपड़ों की विशाल रेंज

**जांजगीर-चांपा।** क्या आपके घर मे है शादी तो कपड़ो की बिल्कुल भी चिंता ना करें। जी हां ऐसा कहना है कचहरी चौक से कुछ ही दूरी पर संचालित मदनलाल अग्रवाल कपड़ा दुकान संचालक का। अगर आपके घर मे शादी हो तो दूल्हे के कोटसूट, शेरवानी, येलो कुर्ता, मेंहदी की ड्रेस, संगीत के लिये इंडोवेस्टर्न या दुल्हन के लिये लहंगा, गाउन एवं साड़ियों की बहुत ही सुन्दर फैंसी न्यू रेंज तैयार है।

जिला मुख्यालय जांजगीर के हृदय स्थल पर संचालित मदनलाल अग्रवाल कपड़ा दुकान में ग्राहकों की विशेष भीड़ देखी जा रही है। दुकान में ब्रांडेड कपड़ों में विशेष ऑफर दिए जा रहे है। दुकान में कोटशूट, शेरवानी, येलो कुर्ता, मेंहदी ड्रेस, संगीत के लिए इंडोवेस्टर्न व दुल्हन लहंगा,




बिजनेस प्लस

गाउन के साथ ही साड़ियों की विशाल रेंज उपलब्ध है। इसके साथ ही मेन्स वियर की भरमार है। शादी विवाह में बच्चों की भी विशेष तैयारी की गई है। दुकान में जीरो उम्र से हर वर्ग के बच्चों के लिये बाबा सूट, कोटसूट, कुर्ते वंही गर्ल्स के लिये शरारा, अफगानी कुर्ता, लहंगा उपलब्ध है। शादी मे परिवार और दोस्तों के हिसाब से भी मेंस ब्लेजर, कुर्ता, कोटी, डिज़ाइनर पीस एवं गर्ल्स के लिये सूट, अनारकली, जैकेट पैटर्न सूट की यंग टेस्ट मे खासा ध्यान दिया गया है। साथ ही इस बार सबसे खास बात यह है की कि इन सभी फैंसी रेंज के साथ लेनदेन की साड़िया, टॉवल, शर्ट पैंट के कट पीस इन सभी वर्ग मे ग्राहक को कहीं जाने की जरूरत नही है। खास बात यह है कि दुकान में सभी वर्ग के लिए कपडे होलसेल रेट में दिए जा रहे है। जिससे ग्राहकों की भीड़ दिन ब दिन बढती जा रही है। संचालक मदनलाल अग्रवाल का कहना है कि शादी के सीजन में पूरा उद्देश्य यही है कि ग्राहकों को सही दाम में सही ब्रांड के साथ नये से नये फैंसी डिज़ाइनर कपडे ग्राहकों तक पहुंचे।



## खबर संक्षेप

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट रायपुर से अष्मिता को मिली एमबीए की डिग्री



**पामगढ़।** अष्मिता मिश्रा को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट रायपुर से एमबीए की डिग्री मिली है। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व.हनुमान प्रसाद तिवारी की सुपौत्री अष्मिता मिश्रा शुरू से ही बहुत मेघावी छात्रा रही है। कक्षा 12 वीं की परीक्षा विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई थी। वे नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व.हनुमान प्रसाद तिवारी की सुपौत्री है। उनको डिग्री मिलने पर सुधा पाण्डेय,आनन्द तिवारी, कुसुम तिवारी, नरेन्द्र पाण्डेय रश्मि पाण्डेय,गौरव पाण्डेय, पल्लवी पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय, मेहुल पाण्डेय, किंशुक तिवारी, ऋचा तिवारी, आराध्य पाण्डेय, अद्विका पाण्डेय के साथ-साथ विद्या निकेतन स्कूल परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है ।

### डॉ.अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. गुलाब चंद



**खरौद।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में कार्यरत प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर गुलाब चंद भारद्वाज को भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती समारोह गोंडवाना भवन धमतरी में आयोजित प्रादेशिक सम्यक संबोधन एवं अलंकरण समारोह 2025 में डॉ. अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित हुए। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ और साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम डॉक्टर गुलाबचंद भारद्वाज शासकीय लक्ष्मेश्वर महाविद्यालय खारौदके मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सबसे पहले समता साहित्य अकादमी के संयोजक एवं अध्यक्ष जी. आर.ज्वाला ने समिति का प्रतिवेदन एवं उद्देश्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं अवॉर्ड 2025 राज्य अलंकरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए शिक्षाविद,गायक,कवि और साहित्यकार सहित समाज सुधारकों ने भाग लिया। इस दौरान खरौद महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर गुलाबचंद भारद्वाज 'कुसुम' ने भी बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कविता पाठ भी किया। समाज सेवा में उनकी उपलब्धि और साहित्य साधना को दृष्टिगत उन्हें डॉक्टर अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड 2025 प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, टोप और शाल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### गोधना में मां चंडी के दरबार से निकली भव्य शोभायात्रा



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में हिंदू नववर्ष, श्रीराम नवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मां चंडी के दरबार से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जो डीजे बाजा की भक्ति-धुन पर 'जय श्री राम' के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते, झूमते हुए नजर आए। शोभायात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर पुनः मां चंडी दरबार पहुंचकर समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुजन आरती की थाली सजाकर भगवान श्रीराम के छायाचित्र तथा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा है, और पूरे ग्राम में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। शोभा यात्रा में ग्राम सरपंच अजय साहू एवं आरएसएस कार्यकर्ता अश्वनी साहू ,रवि चौहान ,व गांव के पंचगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

# बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े कोई भी अधिकारी : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 15 अप्रैल को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुवे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य केंद्र से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिले में पीएचई विभाग अंतर्गत कार्यरत ठेकेदारों द्वारा कार्य के दौरान सड़कों को खोदकर वापस नहीं पाटने की कई शिकायत प्राप्त होने की बात कही और ऐसी समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे तेजी से और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत विभाग अंतर्गत संचालित अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर श्री तोपनो।

कलेक्टर द्वारा सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत समिति बनाए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, सक्ती अरुण कुमार सोम, मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, सहायक जिला कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन, तहसीलदार विद्या भूषण साव, डॉ. रविशंकर राठौर, मनमोहन सिंह, श्रीमती गरिमा मनहर, श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

5वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट चैंपियनशिप 12 व 13 अप्रैल को अंबेडकर भवन नया बाराद्वार में स्वर्गीय रमेश पवार बबलू की स्मृति में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 15 जिलों से लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें सक्ती जिले और बाराद्वार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। इस प्रतियोगिता में सक्ती जिले से लगभग 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से कई ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले और अपने शहर का नाम रोशन किया। रोहित जेडिया और ओम दास महंत ने बेंच प्रेस और डेडलिफ्टिंग दोनों में दो-दो स्वर्ण पदक जीते। भूपेंद्र यादव, दिव्यांश गुप्ता, उमंग अग्रवाल, और देव वैष्णव ने फुल पावरलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए।

**महिला खिलाड़ियों में भी जिले का रहा दबदबा-** ईशा रात्रे, निकिता और सुधा ने फुल पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की। बेंच प्रेस में मयंक जिंदल (गोपाला) ने सिल्वर, और हर्षित यादव ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के खिलाड़ियों की उपलब्धि रही। श्रीवर्धन श्रीवास्तव ने तीन स्वर्ण पदक, प्रियांशु मानिकपुरी ने एक स्वर्ण व दो रजत, हिमांशु मानिकपुरी ने एक रजत, वीरेंद्र सांवरा ने एक स्वर्ण व दो रजत जीते। महिला वर्ग में प्रगति तिवारी ने दो स्वर्ण, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मेघा भगत ने तीन स्वर्ण पदक और तीन स्ट्रांग वूमेन अवार्ड जीते। समापन अवसर परजिला पंचायत जांजगीर के सभापति आयुष शर्मा,नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा,पार्षद अजय सिंह राजपूत,पार्षद अंजलि हेमंत साहू,कवि सावन गुजराल, औरपत्रकार ऋषि वैष्णव उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### क्षेत्र में फल फूल रहा अवैध शराब का कारोबार

**बिर्रा।** बिर्रा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार तेजी से फैल रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर ढाबों तक कच्ची महुआ और देशी शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। इस पर समय-समय पर पुलिस और विभागीय कार्यवाही जरूर होती है, लेकिन इन कार्यवाही का प्रभाव सीमित नजर आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग,पुलिस की कार्यवाही छोटे कोचियों तक ही सीमित रहती है, जबकि बड़े शराब कारोबारी प्रशासन की पकड़ से दूर हैं। इसके चलते कई लोग थाने और आबकारी विभाग पर संरक्षण देने के आरोप भी लगा रहे हैं। शाम होते ही शराब के अवैध अड्डों पर ग्राहकों की मेले की तरह भीड़ इस स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है। बिर्रा थाना क्षेत्र के करही, किकिरदा, सिलादेही बिर्रा, नक्टीडीह, करनौद, सबरिया डेरा गोविन्दा, गतवा में बड़ी मात्र में अवैध शराब कि बिक्री हो रही है, लेकिन आबकारी विभाग,बिर्रा पुलिस मौन नजर आ रही है। बिर्रा थाना क्षेत्र में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ,अब देखना होगा कि आबकारी विभाग, बिर्रा पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही कब की जा रही है।




### विधायक की मांग पर केंद्रीय मंत्री ने नवोदय विद्यालय खोलने दिया आश्वासन

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी को पत्र लिखकर अकलतरा विधानसभा में नवीन जवाहर नवोदय विद्यालय खोले जाने की मांग पर केंद्रीय मंत्री के द्वारा विधायक को पत्र के माध्यम से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी को इस आशय हेतु पत्र लिखा था। केंद्रीय मंत्री के द्वारा विधायक को दिए गए उत्तर में उन्होंने बताया है कि प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय खोले जाने का नियम है। चिस्दा में यह विद्यालय खोला गया था जो वर्तमान में सक्ती जिले के अंतर्गत आ गया है एवं जांजगीर जिला रिक्त हो गया है। जब भी नवीन जवाहर विद्यालय खोले जाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा तो विधायक के निवेदन को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल किया जाएगा।

## कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी मां के समान होती है : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन नगर के लिखमानिया धर्मशाला में छत्तीसगढ़

- भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित

खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक छतराम देवांगन चुन्नीलाल साहू , जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल व सभी मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने निष्ठावान एवं परिश्रमी कार्यकर्ताओं के वजह से ही दुनिया की नंबर एक पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी मां के समान होती है एवं मां की सेवा के लिए कोई कीमत नहीं मांगता है। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को सबसे ज्यादा सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया है एवं उनके सम्मान में ही पंच तीर्थों का विकास किया है। पार्टी के सभी सक्रिय कार्यकर्ता शासन की जनहित एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें।अंबेश जांगड़े ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को आगामी योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी, साथ ही स्थानीय मुद्दों पर एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। सत्य लता मि री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का असली सम्मान होता है एवं कार्यकर्ता अपने परिश्रम के आधार पर बड़े से बड़े पदों को प्राप्त कर सकता है। पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया और कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और समाधान करना भाजपा की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक छत राम देवांगन, चुन्नीलाल साहू ,गुलाब सिंह चंदेल एवं अमर सुल्तानिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समीर शुक्ला,आनंद प्रकाश मिरी, नरेश केडिया, शारदा देवांगन, गोपेश तुलस्यान,ओम प्रकाश श्रीवास, नीलेश गुप्ता पवन यादव महादेव नेताम,कमल केडिया,नंदकुमार चौधरी, जमुना देवी रात्रे, राकेश शुक्ला,उषा राठौर,परमानन्द राठौर , सत्यभामा वैष्णव, डॉ आशीष सिंह, आशीष प्रसाद, पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव,पिंटू बरेठ, सुरेश मिरचन्य, कमलेश वैष्णव, नानक रोहरा,संदीप साहू, के साथ बड़ी संख्या में भाजपा , के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सौरभ सिंह।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने स्काउट्स गाइड्स ने शुरू किया प्याऊ घर

**बेल्हाडीह-जेठा।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ सक्ती के शिवाजी स्काउट्स दल मिडिल स्कूल परसदाकला के सौजन्य से ग्राम लवसरा बाजार चौक में प्याऊ घर संचालन का शुभारंभ जनसहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुनीता मनोज नाई एवं ग्राम पंचायत लवसरा की सरपंच चमेली बाई रामकिशन चौहान के आतिथ्य में श्रीफल पूजन अर्चन एवं रिबन काटकर किया गया ।

सरपंच ने अपने उद्बोधन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को भेदभाव मुक्त जन सेवा का माध्यम बताया। वही जनपद सदस्य सुनीता मनोज नाई ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सेवा कार्यों को हर संभव मदद करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। उक्त कार्यक्रम में लवसरा के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक टीकाराम साहू, हर प्रसाद जायसवाल,शिवाजी स्काउट्स दल के यूनिट लीडर सह विकासखंड सक्ती के सचिव दुर्गेश कुमार साहू एवं उनके स्काउट्स बच्चे अनसुमन, रितेश, आश्विन , लुकेश , निखिल साथ ही ग्रुप लीडर फलेश साहू,संकुल समन्वयक संजीव कुमार साहू, प्रधान पाठक रामकृष्ण राठौर, शिक्षक यशवंत यादव, प्रदीप राठौर, रूपेश साहू,बाबूलाल कुर्रे। मीडिल स्कूल बेल्हाडीह के सक्रिय स्काउट -गाइड बच्चे एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट मास्टर मिडिल स्कूल बेल्हाडीह एवं जिला मिडिया प्रभारी कार्तिक राम यादव ने किया। इस पुनीत कार्य में सेवाभावी शिक्षक पुष्पेन्द्र कुमार पटेल ,दिनेश कुमार साहू स्थानीय पत्रकार एवं संतोष कुमार रात्रे शिक्षक का भी सराहनीय योगदान रहा।



प्याऊ घर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथि एवं स्काउट गाइड।

## सांसद से मुलाकात कर बिर्रा में रेलवे स्टेशन बनाने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े से मिलकर बिर्रा में रेलवे स्टेशन बनाने के लिए ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े अधिक राजस्व आय देने वाला ग्राम पंचायत बिर्रा को पिछले दिनों रेलवे विभाग के द्वारा जारी आदेश की सूची में बिर्रा को रेलवे लाइन में शामिल नहीं किया गया है। जिसके कारण रेल संघर्ष समिति बिर्रा के द्वारा 13 अप्रैल रविवार को सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के सक्ती कार्यालय में जाकर रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। रेल संघर्ष समिति बिर्रा के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों रेलवे विभाग के द्वारा जारी किया गया आदेश में बिर्रा को छोड़ दिया गया है। बिर्रा से लगभग आधा सैकड़ा गांव के लोग आना-जाना एवं समान खरीददारी करते हैं, जिसके कारण यह बिर्रा व्यापार क्षेत्र एवं शिक्षा के क्षेत्र और अन्य सभी क्षेत्रों में अग्रणी है। बिर्रा को शीघ्र ही रेलवे लाइन की सूची में जोड़ा जाए और बिर्रा को रेलवे स्टेशन बनाया जाए अन्यथा जन आंदोलन किया जाएगा।



सांसद से चर्चा करता प्रतिनिध मंडल।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम पंचायत पोरथा में भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ जिला सक्ती की मासिक बैठक आयोजित हुआ। जिसमें जिला स्तर के सभी

- भारतीय किसान संघ की पोरथा में हुई जिला स्तरीय बैठक

पदधिकारीगण, सदस्यगण एवं तहसील अध्यक्ष लोग भी शामिल हुए तथा निम्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया - भारतीय किसान संघ की जिला कार्यालय स्थापित करने के लिए ग्रामपंचायत पोरथा से भूमि आवंटन के लिए पंचायत को मांग पत्र देने चर्चा किया और इसके बाद ग्राम पंचायत जाजंग में नये सेवा सहकारी समिति खोलने के विषय विस्तृत चर्चा, ग्राम पंचायत पोरथा के सेवा सहकारी केन्द्र में किसान कुटीर भवन एवं आहाता निर्माण, किसानों के आगामी खरीफ फसल हेतू रासायनिक खाद यूरिया, डी.ए.पी. 18,46 एवं पोटाश की मांग सभी सोसायटीयों में समय पर भण्डारण करे व वितरण करे, उप संचालक कृषि से किसानों के लिए जिप्सम पैराइड, जिंग सल्फेट को 50 प्रतिशत की अनुदान पर, आगामी खरीफ फसल हेतू आधार स्वर्णा बीज की मांग किया गया। साथ हि किसानों के फावती नामान्तरण को समयावधि मे अनिवार्य रूप से किया जाये, उपरोक्त सभी विषयो पर चर्चा किया गया और ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष रमाकांत चंद्रा अध्यक्ष, मनहरण लाल कमलेश अधिवक्ता उपाध्यक्ष हिरामणी वर्मा उपाध्यक्ष, हिरामणी कुर्रे राजस्व प्रमुख श्यामलाल साह विद्युत प्रमुख, विनोद पाण्डे, प्रसार-प्रचार प्रमुख खगेश्वर प्रसाद गबेल सहकारिता विभाग, योगेन्द्र गबेल, शिवचरण यादव तहसील अध्यक्ष, जगमोहन राठौर, मुकेश राठौर, कमल प्रसाद राठौर, जीवन लाल राठौर, मनबोध राठौर फागु लाल चन्दा व अन्य सदस्य उपस्थित हुए।



बैठक में उपस्थित किसान संघ के पदाधिकारी।




